भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-1409

उत्तर देने की तारीख-09/02/2026

राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान

†1409. **श्री पुट्टा महेश कुमार:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर) को पिछले पाँच वर्षों में आवंटित एवं जारी किए गए धन का वर्ष वार एवं संस्थान-वार विवरण क्या है;
(ख) एनआईटीटीटीआर द्वारा प्रशिक्षित शिक्षकों की संख्या का वर्ष वार विवरण क्या है;
(ग) क्या सरकार ने अतिरिक्त तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण केन्द्रों की आवश्यकता का मूल्यांकन करने हेतु कोई अध्ययन किया है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी विवरण क्या है;
(घ) क्या सरकार आंध्र प्रदेश में नया एनआईटीटीटीआर केन्द्र स्थापित करने की योजना बना रही है, यदि हाँ, तो प्रस्तावित स्थान, समय-सीमा तथा आवंटित धन का विवरण क्या है; और
(ङ) उन राज्यों में जहाँ सहभागिता कम है, शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों की पहुँच बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा कौनसे कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) से (ङ): राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर) शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार (एमओई) के तहत स्वायत्त संस्थान हैं, जो भोपाल, चंडीगढ़, चेन्नई और कोलकाता में स्थित हैं। पिछले पांच वर्षों के दौरान राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर) को आवंटित और जारी की गई धनराशि का ब्यौरा **अनुलग्नक की तालिका-1** में और 4 एनआईटीटीटीआर द्वारा प्रशिक्षित शिक्षकों की संख्या का वर्ष-वार ब्यौरा **अनुलग्नक की तालिका-2** में संलग्न है।

एनआईटीटीटीआर शिक्षक प्रशिक्षण, पाठ्यक्रम विकास और संबंधित शैक्षणिक सहायता के लिए अपने पहुंच का विस्तार करने के लिए विस्तार केंद्र भी संचालित करते हैं। वर्तमान में, एनआईटीटीटीआर

भोपाल के चार विस्तार केंद्र पुणे (महाराष्ट्र), अहमदाबाद (गुजरात), ऑल्टो पोर्वोरिम (गोवा) और रायपुर (छत्तीसगढ़) में स्थित हैं। एनआईटीटीटीआर चेन्नई बेंगलुरु (कर्नाटक), हैदराबाद (तेलंगाना), विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश) और कलामास्सेरी (केरल) में विस्तार केंद्र संचालित करता है। एनआईटीटीटीआर कोलकाता के भुवनेश्वर (ओडिशा) और गुवाहाटी (असम) में विस्तार केंद्र हैं। वर्ष 2016 में विजयवाड़ा में स्थापित एनआईटीटीटीआर चेन्नई विस्तार केंद्र वर्तमान में राज्य तकनीकी शिक्षा और प्रशिक्षण बोर्ड मंगलागिरी, गुंटूर जिला, आंध्रप्रदेश के परिसर से कार्यात्मक है।

सरकार ने देश भर में तकनीकी शिक्षा को सुदृढ करने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप कई उपायों के माध्यम से शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम की पहुंच बढ़ाने के लिए विभिन्न उपाय किए हैं। इनमें ऑनलाइन स्व-गति से चलने वाले मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स (एमओओसी) के माध्यम से डिजिटल विस्तार शामिल है, जो स्टडी वेब्स ऑफ एक्टिव लर्निंग फॉर यंग एस्पायरिंग माइंड्स (स्वयम), नेशनल इनिशिएटिव फॉर टेक्निकल टीचर्स ट्रेनिंग (एनआईटीटीटी), नेशनल रिसोर्स सेंटर (एनआरसी) और लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम "ई-प्रशिक्षण" के माध्यम से दिया जाता है। राज्य तकनीकी विश्वविद्यालयों, पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग कॉलेजों और अन्य उच्चतर शिक्षा संस्थानों के साथ सहयोग के माध्यम से समावेशी पहुंच को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में आवश्यकता-आधारित कार्यक्रम, क्षमता-निर्माण पहल और प्रशिक्षण मॉड्यूल का विकास किया जा सके। संस्थागत सुदृढ़ीकरण उपायों में विशिष्ट श्रेणी के तहत एनआईटीटीटीआर को "मानित विश्वविद्यालय" का दर्जा देना, आवश्यकता-आधारित संकाय विकास कार्यक्रमों (एफडीपी) का आयोजन, कम भागीदारी वाले राज्यों में प्रशिक्षण अंतराल की पहचान करने के लिए क्षेत्रीय सहयोग, और पाठ्यक्रम जानकारी के प्रसार, सोशल मीडिया का उपयोग और स्थानीय उद्योग के साथ अनुकूलित आवश्यकता-आधारित क्षेत्र-विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रमों को डिजाइन करने के माध्यम से जागरूकता पैदा करना शामिल है।

******

<u>अनुलग्नक</u>

राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर) के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री पुट्टा महेश कुमार द्वारा दिनांक 09.02.2026 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1409 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

तालिका-I

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने सभी एनआईटीटीटीआर को एकल बजटीय शीर्ष के तहत धनराशि आवंटित की है। वर्ष 2020-21 के दौरान वर्ष-वार आवंटन 158.64 करोड़ रुपये है; वर्ष 2021-22 के दौरान 150.00 करोड़ रुपये; वर्ष 2022-23 के दौरान 200.75 करोड़ रुपये; वर्ष 2023-24 के दौरान 104.50 करोड़ रुपये और वर्ष 2024-25 के दौरान 188.45 करोड़ रुपये है। 4 एनआईटीटीटीआर को जारी की गई धनराशि का वर्ष-वार ब्यौरा निम्नानुसार है-

(रु. करोड़ में)

क्र.सं.	संस्थान का नाम	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25
1	एनआईटीटीटीआर भोपाल	62.18	60.25	73.9652	33.10	58.33
2	एनआईटीटीटीआर चंडीगढ़	50.55	32.00	54.50	30.10	50.54
3	एनआईटीटीटीआर चेन्नई	30.55	25.50	38.00	24.60	50.17
4	एनआईटीटीटीआर कोलकाता	11.81	23.60	26.72	12.70	27.41
	कुल	**155.09**	**141.35**	**193.1852**	**100.50**	**186.45**

तालिका-II

क्र.सं.	संस्थान का नाम	प्रशिक्षित शिक्षकों की कुल संख्या				
		2020-2021	**2021-2022**	**2022-2023**	**2023-2024**	**2024-2025**
1	एनआईटीटीटीआर भोपाल	4,174	4,285	3,068	4,256	6,122
2	एनआईटीटीटीआर चंडीगढ़	78,073	60,516	75,333	54,627	69,039
3	एनआईटीटीटीआर चेन्नई	4,733	7,149	4,818	5,232	6,887
4	एनआईटीटीटीआर कोलकाता	15,687	14,321	8,790	12,014	5,950
	कुल	**1,02,667**	**86,271**	**92,009**	**76,129**	**87,998**

****